Regarding alleged irregularities in Panchayat elections

श्री नीरज मौर्य (आंवला) : सभापति महोदय, आपने मुझे लोक महत्व के मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं । होली के अवसर पर मैं आंवला की महान जनता को होली की बधाई देता हूं ।

मान्यवर, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष और क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष के चुनाव की तरफ दिलाना चाहता हूं । ये दोनों चुनाव प्रक्रिया के तहत होते हैं । इसमें पूर्णतया धन बल और बाहुबल का इस्तेमाल किया जाता है । मैं चाहता हूं कि क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत अध्यक्ष की जनता के प्रति जवाबदेही बने । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि सरकार दोनों चुनाव सीधे जनता से कराया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।